Vol. II, Issue 4, Edition 8 April ’ 2021

# कामरूप दर्पण

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा का मुखपत्र

(Society Regd No. : RS/KAM (M) 263/Q/264 of 2017-18)

e-mail : sammelankamrupsakha@gmail.com URL : www.sammelankamrupsakha.com

मारवाड़ी सम्मेलन
कामरूप शाखा

: संपादक :
विनोद कुमार लोहिया

: सह संपादक :
पवन कुमार जाजोदिया

: पृष्ठ सज्जा :
शामेश्वर शर्मा

: मुद्रक :
वसुंधरा एसोसिएट्स
गुवाहाटी

भरसक प्रयास किया गया है कि ‘कामरूप दर्पण’ के इस अंक में कोई त्रुटि ना रहे, परंतु भूल मानव का स्वभाव है, अत: कोई त्रुटि रह गई हो तो खेद है। कोई सुझाव हो तो kamrupdarpan@gmail.com के माध्यम से सूचित करें।

## अध्यक्ष की कलम से



मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा के तृतीय कार्यकाल 2019-21 का अवसान हो चूका है, लेकिन कोरोना की दूसरी लहर के चलते नए अध्यक्ष की शपथ विधि नहीं हो पाई थी। मुझे खुशी है कि आज नवनिर्वाचित अध्यक्ष अपना पदभार सम्भाल रहे हैं। मैं उनके भावी कार्यकाल के लिए बधाई देता हूँ और मेरे पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाता हूँ।

वस्तुत: दो वर्ष की कार्यकाल में, जिस संकल्प के साथ मैं और मेरी टीम इस कार्यकाल के लिए अधिकृत थे, उसका आधा समय तो कोरोना महामारी ने हमारे हाथ से छीन लिया तथापि हम सब एकत्र मनोभाव से इन दो वर्षों का अति सफल रूपायण कर सके ऐसा मुझे प्रतीत होता है। प्रत्येक संस्था को सफल बनाने हेतु कुछ बिंदुओं पर घ्यान देना आवश्यक होता है, जैसे कि कार्यकारिणी, कार्यक्रम और कार्ययोजना।

**कार्यकारिणी :** मुझे हर्ष है हमारी कार्यकारिणी, एक मन एक भाव लेकर, हमारी शाखा को सर्वोच्च संस्था के रूप में प्रतिस्पर्द्धा में रहने हेतु अनवरत प्रयास करके, अलग-अलग संयोजकों की टीम बनाकर, अनेकता में एकता की भाव से कार्य किए और एक सूत्र में बंधे रहे। मैं अध्यक्ष हूँ तथापि मैंने कार्यकारिणी के सभी सम्मानित सदस्यों से प्रेरणा प्राप्त की ताकि मैं प्रति पल शाखा के हित में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे सकूँ

**कार्यक्रम :** किसी भी संस्था का अस्तित्व बिना कार्यक्रम के नहीं होता यह सर्वविदित है। हमारी टीम ने सर्व प्रथम कार्यक्रम की रूपरेखा पर ध्यान केंद्रित किया कि आगामी वर्षों में क्या-क्या कार्यक्रम रखा जाए, जिनका सुगमता से पालन किया जा सके। सबकी सहमति से कार्यक्रमों की एक योजना तैयार की, जिसको आम भाषा में रोड मैप कहा जाता है।

**कार्ययोजना :** कार्यक्रम की सफलता तभी होती है, जब कुशल कार्ययोजना बना ली जाय ताकि कम लागत में ज्यादा परिणाम कैसे प्राप्त किया जाए। हमारी टीम ने अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ सदस्यों को कार्यक्रम संयोजक प्रत्येक कार्य हेतु कार्य योजना तैयार की तथा सफलता की कुंजी बनने में सहायक बने।

यह दो वर्षीय सत्र वस्तुत: संघर्षमय रहा तथापि सभी के सहयोग, एकता और समर्पण से सरल मार्ग प्रशस्त हुआ। अप्रैल 2019 को तृतीय अध्यक्षीय कार्यकाल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें मैंने शपथ ली थी और उसके अनुरूप कार्य किया। कितना सफल हो पाया इसके आकलन के लिए अपने समक्ष प्रस्तुत हूँ। मेरे दो साल के कार्य का विवरण सहित शाखा के अब तक के सफर में समाहित हैं।

अंत में यही कहना चाहता हूं

*आप थे तो, सफल हो गए*
*आप थे तो, हवा सारे गम हो गए*
*हम अकेले चले तो, बहुत खार थे*
*आप के साथ राहों में, गुल हो गए।*

बहुत कम समय मिला अध्यक्ष पद पर रहते हुए कार्य करने के लिए, परंतु जितना कार्य एवं कार्ययोजना हम सब मिलकर कर पाए वह इतिहास रहेगा ऐसा मुझे विश्वास है ।

पुन: आप सबकी सेवा में सदैव तत्पर रहने की संकल्प के साथ

जयतु कामरूप शाखा

निरंजन कुमार सिकरिया
अध्यक्ष, मारवाड़ी सम्मेलन कामरूप शाखा

# संपादकीय



सम्मानित पाठक,

कामरूप दर्पण के संपादक के तौर पर मेरा यह अंतिम संपादकीय है। अगली बार आपसे अध्यक्ष के रूप में मिलूंगा। गत आठ अंकों में मैंने विविधता का ध्यान रखा। शाखा की गतिविधिओं के अलावा राजस्थानी साहित्यकार, साक्षात्कार, कहानिया, कविताएं, सम-सामायिक लेख शामिल करने का प्रयाश किया। वाँछित प्रतिक्रियाओं का आभाव मैंने अवश्य महसूस किया।

पत्रकारिता का धर्म निभाते हुए शाखा ने इस मुख पत्र के माध्यम से प्रांतीय एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के समक्ष समय-समय पर जरूरी प्रश्न भी खड़े किए। डिब्रुगढ़ में आयोजित प्रांतीय कार्यकारिणी की प्रथम सभा में सर्वसम्मति से 30 जून 2021 तक बनाए जाने वाले नए आजीवन सदस्यों को शुल्क में छूट दी गई थी और छूट के सारा खर्च शाखा और प्रांत ने सदस्यता शुल्क के अपने हिस्से में से दिया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्र की मंजूरी शायद नहीं मिली, अत: प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा लिया गया निर्णय निरस्त हो गया।

1 अप्रैल 2021 को राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत गुवाहाटी आये थे, जहाँ उनके सम्मान में एक नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया था। पहले प्रांत ने वहाँ भाग लेने को कहा और कुछ देर बाद ही सम्मलेन के बैनर के तहत नहीं जाने की सलाह दी गई। ये सही है कि वे चुनावी दौरे पर थे, लेकिन यह कार्यक्रम किसी राजनैतिक दल द्वारा प्रायोजित नहीं था। असम प्रदेश में मारवाड़ियों पर जब कभी समस्या खड़ी होती है तो राजस्थान के मुख्यमंत्री और वहां के सांसद सबसे पहले जेहन में आते हैं। सुरक्षा के लिहाज से राजस्थान के मुख्यमंत्री (चाहे वे किसी भी राजनैतिक दल से संबंध रखते हों) के साथ समन्वय होना जरूरी है। हमें हर राजनैतिक दल के लोगों से अपना समन्वय बनाना चाहिए और हर राजनैतिक दल का आमंत्रण स्वीकार कर हमारे मंतव्य वहां रखने चाहिए। चूंकि शाखाएं सीधे-सीधे सदस्यों से जुड़ी होती हैं जबकि प्रांत स्थानीय नेताओं से और राष्ट्र प्रांतीय नेताओं के संपर्क में होते हैं। शाखाओं को स्थानीय राजनैतिक, भौगोलिक और आर्थिक स्थितियों के अनुसार अपने निर्णय लेने होते हैं। पूर्वोत्तर की भौगोलिक, राजनैतिक और आर्थिक स्थिति अन्य राज्यों से सर्वथा भिन्न हैं। अत: आवश्यकतानुसार निर्णय लेने के स्वतंत्रता देने से संगठन मजबूत होगा।

सम्मलेन का प्रसाशन संघीय ढांचे पर 3 स्तर पर चलता है, शाखा, प्रांत और राष्ट्र। हमारे संविधान भी बहुत लघु हैं और स्थिति अस्पष्ट हैं। संविधान के लिए प्रांत ने एक समिति गठित की है और उम्मीद की जानी चाहिए की अगले 6 महीने में यह तैयार हो जाएगा तथा राष्ट्र से अनुमोदन प्राप्त हो जाएगा।

एक जागरूक इकाई के तौर पर समाजहित में कामरूप शाखा बेबाकी से अपनी राय सम्मेलन के मंच पर रखती रहेगी।

विनोद कुमार लोहिया
संपादक, कामरूप दर्पण
फोन : 94351 06500
ई-मेल : vklohia@gmail.com

# मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा का परिचय एवं अब तक का सफर

संस्था का नाम : **मारवाड़ी सम्मलेन, कामरूप शाखा**

स्थापना दिवस : **15 अगस्त 2015**

सदस्य संख्या : 303

अब तक के अध्यक्ष व सचिव :

| अध्यक्ष | सचिव | कार्यकाल |
|---|---|---|
| श्री सम्पत मिश्र | श्री मनोज काला | 2015-17 |
| श्री पवन कुमार जाजोदिया | श्री निरंजन सिकरिया | 2017-19 |
| श्री निरंजन सिकरिया | श्री दिनेश गुप्ता | 2019-21 |

शाखा की रजिस्ट्रेशन नम्बर : RS/KAM(M)/263/Q/264 of 2017-2018
(सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के तहत)

शाखा के वेबसाइट : www.sammelankamrupsakha.com
(वेबसाइट का उद्घाटन 5 नवंबर 2017 को किया गया।)

शाखा का मुखपत्र : कामरूप दर्पण (त्रैमासिक)
*(अप्रैल 2017 से अब तक आठ अंक प्रकाशित किए जा चुके हैं)*
संपादक : श्री विनोद कुमार लोहिया
सह संपादक : श्री पवन कुमार जाजोदिया

शाखा के अन्य प्रकाशन :
1. GST JAGRITI (जून 2017)
2. परिणय बंधन (नवंबर 2017)
3. होली धमाल (मार्च 2020)
4. होली धमाल (मार्च 2021)

शाखा के स्थायी प्रकल्प :

1. परिणय बंधन

शाखा की वेबसाइट http://sammelankamrupsakha.com/project/matrimony/index.php के जरिये विवाह योग्य युवाओं के बायोडाटा समाज को उपलब्ध कराया जाता है और समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है।

2. जुठन विरोधी जागरूकता अभियान

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पोस्टरों, बैनरों, सोशल मीडिया एवं निजी स्तर पर संपर्क स्थापित कर जुठन द्वारा अन्न की बर्बादी को रोकने के लिए समाज को जागरूक करना है।

3. नि:शुल्क स्थायी योग केंद्र

इस प्रकल्प की शुरुआत 2 मई 2017 को की गई। शाखा एवं हरियाणा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिदिन प्रात: 6 बजे से 7.15 बजे तक हरियाणा भवन में योगाभ्यास किया जाता है, जो वर्तमान में कोविड के चलते स्थगित है।

शाखा की एम्बुलेंस : AS01 MC 8257
संपर्क सूत्र : श्री मनोज अग्रवाल (9864021460)
संयोजक : श्री पवन कुमार जाजोदिया



कामरूप शाखा की आरोग्य रथ सेवा नामक नवीनतम परियोजना का 14 जनवरी 2021 को शुभारंभ किया गया। शाखा के पारिवारिक मिलन समारोह एवं बिहु कार्यक्रम के दौरान इस परियोजना का समाजसेवी श्री कैलाश जी काबरा ने लोकार्पण किया।

**शाखा को प्राप्त पुरस्कार** : प्रांत द्वारा 2015-16, 2017-18, 2018-19 और 2019-2020 के लिए घोषित प्रांतीय पुरस्कार में शाखा/शाखा सदस्य को निम्नलिखित पुरस्कार मिले :

1. सर्वश्रेष्ठ स्थापना दिवस कार्यक्रम 2015-16
2. सर्वश्रेष्ठ प्रांतीय कार्यक्रम पुरस्कार 2017-18
3. विशिष्ठ शाखा पुरस्कार 2017-18
4. विशिष्ट शाखा अध्यक्ष 2018-19 – श्री पवन कुमार जाजोदिया
5. सर्वश्रेष्ठ शाखा मंत्री 2018-19 – श्री निरंजन सिकरिया
6. सर्वश्रेष्ठ शाखा मंत्री 2019-20 – श्री दिनेश गुप्ता
7. विशिष्ट शाखा का पुरस्कार 2018-20
8. उत्कृष्ट आजीवन सदस्यता विस्तार हेतु 2018-19
9. उत्कृष्ट जनसेवा कार्यक्रम (कोरोना काल के दौरान जनसेवा हेतु) 2020-21

प्रांतीय कार्यकारिणी 2018-20 में शामिल निम्नलिखित शाखा सदस्यों को प्रांत द्वारा स्मृति चिह्न देने की घोषणा की गई :

1. प्रांतीय संयुक्त मंत्री – श्री राकेश जैन
2. प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य – श्री सम्पत मिश्र
3. प्रांतीय संविधान उप-समिति संयोजक – श्री विनोद कुमार लोहिया

## शाखा द्वारा किए गए बौद्धिक कार्यक्रम :




### 1. GST JAGRITI (17 अगस्त 2017)

GST लागू होने से पहले इस विषय पर गत 17 अगस्त 2017 को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 700 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के संयोजक श्री विनोद कुमार लोहिया थे।




### 2. MAP'2018 (16 सितंबर 2018)

मीटिंग्स एंड प्रोटोकॉल (MAP) पर एक कार्यशाला का आयोजन 16 सितंबर 2018 को किया गया, जिसमें श्री मनीष खाटूवाला और श्री रमेश चांडक ने प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के संयोजक श्री विनोद कुमार लोहिया और सह संयोजक श्री दिनेश गुप्ता थे।




### 3. GST WAY FORWARD (13 जनवरी 2019)

13 जनवरी 2019 को ICBI (INTERNATIONAL CHAMBER OF BUSINESS AND INDUSTRY) के सहयोग से जीएसटी पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुंबई के अधिवक्ता शैलेश सेठ मुख्य वक्ता रहे। साथ ही एडिशनल डायरेक्ट ऑफ जीएसटी श्री एस. के. रहमान मुख्य अतिथि के रूप भाग लिया। शाखा की ओर से कार्यक्रम के संयोजक श्री विनोद कुमार लोहिया थे।

## शाखा द्वारा किए गए सामयिक कार्यक्रम :











1. CITIZEN NRC HELP DESK (21 नवंबर 2018)

21 नवंबर 2018 से 14 दिसंबर 2018 तक अग्रवाल युवा परिषद के सहयोग से, जिसमें कर सलाहकार/ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स श्री विनोद कुमार लोहिया, श्री दिनेश गुप्ता, श्री पीयूष बिरमिवाल, श्री अरुण चौधरी, श्री मृणाल जाजोदिया, श्री कुणाल जाजोदिया, श्री आशीष बजाज एवं श्री दीपक अग्रवाल ने रोजाना सांय 7.30 से नि:शुल्क सेवाएं प्रदान की।

2. CITIZEN NRC HELP DESK (9 दिसंबर 2018)

9 दिसंबर 2018 (रविवार) को तेरापंथी प्रोफेशनल फोरम एवं अग्रवाल युवा परिषद् के सहयोग से तेरापंथ धर्मस्थल में तीनों संस्थओं के सदस्यों ने अपनी सेवाएं दी। कार्यक्रम का संचालन श्री दिनेश गुप्ता ने किया।

3. CITIZEN NRC HELP DESK (25 दिसंबर 2018)

25 दिसंबर 2018 (बुधवार) को अग्रवाल युवा परिषद् के सहयोग से फैंसी बाजार स्थित जालान भवन में सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक एक कार्यक्रम रखा गया।

4. VOTER VERIFICATION (9/10 नवंबर 2019)

शाखा ने हरियाणा चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से 9 और 10 नवंबर 2019 को हरियाणा गेस्ट हाउस के प्रांगण में नि:शुल्क वोटर फेलिसिटेशन सेंटर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों के मतदाता पत्र का सत्यापन किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का संपादन डिजीटल इंडिया से अधिकृत जन सेवा केंद्र के तहत नव्या एंटरप्राइज एंड टेक्नोलॉजी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक श्री विनोद कुमार लोहिया थे। इस प्रकल्प में शाखा के सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

## शाखा द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दिवस का पालन :





1. गणतंत्र दिवस (प्रतिवर्ष)

शाखा द्वारा स्थापना काल वर्ष 2017 से राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर साल 26 जनवरी को उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन चाबीपुल स्थित आठगांव प्राथमिक विद्यालय में शाखा सदस्यों, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में किया जाता है। हालांकि वर्ष 2021 में कोरोना महामारी के चलते संक्षिप्त कार्यक्रम के तहत यह राष्ट्रीय पर्व मनाया गया।

2. स्वतंत्रता दिवस (प्रतिवर्ष)

गणतंत्र दिवस की तरह स्वतंत्रता दिवस भी शाखा द्वारा स्थापना काल वर्ष 2017 से अब तक 15 अगस्त को चाबीपुल स्थित आठगांव प्राथमिक विद्यालय में मनाया जाता है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी देने के साथ शाखा द्वारा कई जनहित कार्य भी किए गए।





### 3. योग दिवस (प्रतिवर्ष)

शाखा ने वर्ष 2017, 2018 व 2019 की 21 जून को हरियाणा भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दिन हरियाणा चैरिटेबल ट्रस्ट, महेश योग समिति, समन्वयव महिला समिति के सहयोग से योग शिविर का आयोजन किया गया। वर्ष 2017 के योग शिविर में अनुव्रत समिति व सम्मेलन की गुवाहाटी शाखा ने तथा वर्ष 2019 के योग शिविर में अग्रवाल सखी ने भी अपना योगदान दिया था। हालांकि कोरोना महामारी को लेकर घोषित लॉकडाउन के कारण वर्ष 2020 में योग दिवस नहीं मनाया जा सका।

### 4. पर्यावरण दिवस (प्रतिवर्ष)

पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व 4 जुलाई 2019 को शाखा द्वाार वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत शाखा ने चाबीपुल स्थित आठगांव प्राथमिक विद्यालय में पौधरोपण करने के साथ-साथ विभिन्न तरह के 300 पौधे विभिन्न संस्थानों व विद्यालयों में प्रदान किए गए।

## शाखा द्वारा स्थापना दिवस का पालन :







### 1. यूरोथेरेपी शिविर (25 दिसंबर 2018)

मारवाड़ी सम्मेलन के 84वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कामरूप शाखा द्वारा 25 दिसंबर 2018 को हरियाणा भवन में नि:शुल्क न्यूरोथेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसका का कुल 40 लोगों ने लाभ उठाया। इस कार्यक्रम के संयोजक श्री दिनेश गुप्ता और श्री संजय खेतान थे।

### 2. स्वास्थ्य जांच शिविर (25 दिसंबर 2019)

अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के 85वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 25 दिसंबर 2019 को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मारवाड़ी हॉस्पिटल और लायंस आई हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित किया गया।

### 3. सफाई कर्मचारियों का सम्मान (25 दिसंबर 2020)

मारवाड़ी सम्मेलन के 86वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 25 दिसंबर 2020 को शाखा ने जीएमसी के सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया था। इस मौके पर शाखा ने सफाई कर्मचारियों के बच कम्बल का वितरण किया। कार्यक्रम के संयोजक श्री संजय खेतान और श्री उमा शंकर गट्टाणी थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा के अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## शाखा द्वारा किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम :



### 1. एक खोज..प्रतिभा की..(25 अगस्त से 15 सितंबर 2019)

समाज में छिपी प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शाखा द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम 'एक खोज...प्रतिभा की...' का आयोजन किया गया। कुल तीन चरणों में आयोजित इस कार्यक्रम में नृत्य, गायन एवं वादन प्रतियोगिताओं में 124 उभरते युवा कलाकारों ने भाग लिया। 25 अगस्त 2019 को लायंस क्लब ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का ऑडिशन राउंड आयोजित हुआ। 1 सितंबर 2019 को सेमीफाइनल राउंड और 15 सितंबर 2019 को माछखोवा स्थित आईटीए सेंटर में प्रतियोगिता का फाइनल राउंड का आयोजित हुआ। कार्यक्रम के संयोजक श्री पवन पसारी थे।



2. दीपावली मिलन समारोह (19 अक्तूबर 2019)
3. बिहू मिलन समारोह (14 जनवरी 2020)
4. होली मिलन समारोह (29 फरवरी 2020)
5. होली मिलन समारोह (20 मार्च 2021)
6. बिहू मिलन समारोह (14 जनवरी 2021)

विभिन्न त्यौहारों से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शाखा सदस्य एवं उनके परिजनों की सहभागिता से किया जाता है।

## शाखा द्वारा जनसेवा के कार्यक्रम :












### 1. बाढ़ पीड़ितों को सहायता कार्यक्रम (10 सितंबर 2018)

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा ने 10 सितंबर 2018 को मोरीगांव जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बाकोरीगांव, फुलबाड़ी व मोरी मुसलमान गांव के चार नंबर और सात नंबर वार्ड में पहुंचकर और 300 बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत व खाद्य सामग्री (आटा, चावल, दाल, मसाले, तेल सहित अन्य सामग्री व पेयजल की बंद बोतलें) वितरित की।

### 2. बाढ़ राहत सामग्री का वितरण (25 जुलाई 2019)

वर्ष 2019 में बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए शाखा ने मारवाड़ी सम्मेलन गुवाहाटी महिला शाखा के साथ 25 जुलाई 2019 को बाढ़ राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस जनसेवा कार्यक्रम के अतंर्गत पानीखेती, चंद्रपुर और गोवाली गांव के बाढ़ पीड़ित लोगों के बीच खाद्य सामग्री के साथ-साथ अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया।

### 3. कोरोनाकाल में जन सेवा (29 मार्च से 24 अप्रैल 2020)

विश्वव्यापी कोरोना महामारी के चलते केंद्र सरकार द्वारा घोषित लॉकडाउन के दौरान सामाजिक संस्था मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा ने गरीबों व जरूरतमंद लोगों की सहायता कर मानव सेवा की मिसाल पेश की। कोरोना संकटकाल में शाखा ने सामाजिक दायित्व निभाते हुए अग्रवाल युवा परिषद, गुवाहाटी के साथ मिलकर संयुक्त रूप से 'सर्व फूड, फील गूड' कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया। शाखा ने 29 मार्च से 25 अप्रैल 2020 तक गुवाहाटी महानगर के विभिन्न इलाकों में गरीबों व जरूरतमंद लोगों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया। लॉकडाउन के पांचवें दिन 29 मार्च को 'सर्व फूड, फील गूड' कार्यक्रम के तहत शाखा ने अग्रवाल युवा परिषद, गुवाहाटी के साथ पुलिस रिजर्व, विष्णुपुर और चाबीपुल हरिजन कॉलोनी में 500 पैकेट खिचड़ी का वितरण किया। 30 मार्च को शराबभट्टी, फैंसी बाजार चाराली, बीरूबाड़ी थाना गली में खिचड़ी के 550 पैकेट वितरित किए गए। 31 मार्च को शाखा ने पुलिस रिजर्व में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के बीच खिचड़ी व पानी की बोतलें वितरित की गईं। इसके अलावा फैंसी बाजार, धीरेनपाड़ा, उदालबाक्रा में भी लोगों के बीच खिचड़ी वितरित की गई। लॉकडाउन के दूसरे चरण में 7 अप्रैल को बोंदा और गणेशपाड़ा में खाद्य सामग्री का वितरण किया। 10 अप्रैल को दोनों संगठनों ने संयुक्त रूप से चार टीमें बनाकर जरूरतमंद लोगों के बीच खाद्य सामग्री के पैकेट, जिसमें चावल, दाल, आलू, नमक, सरसों का तेल सहित पांच तरह के मसाले आदि शामिल थे, वितरित किए। 11 अप्रैल, शनिवार को गांधी बस्ती, उजान बजार, सोलापाड़ा

में, 12 अप्रैल को पानीखेती, नूनमाटी के सेक्टर-1 में तथा 25 अप्रैल को फटाशील, धीरेनपाड़ा, मानपाड़ा, गणेशपाड़ा आदि इलाकों में भी लोगों के बीच खाद्य सामग्री वितरित किए गए।



### 4. राजस्थान बस सेवा (29 अप्रैल 2020)

29 अप्रैल 2020 को पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन (पूप्रमास) ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए लॉकडाउन में फंसे हुए 222 राजस्थानियों को 17 बसों से राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना किया। इस ऐतिहासिक कार्य में सम्मेलन की कामरूप शाखा ने सराहनीय योगदान दिया। गौरतलब है कि गत दिनों राजस्थान के कोटा में पढ़ने वाले 360 राज्य के छात्र-छात्राओं को असम सरकार ने विशेष बसों के द्वारा गुवाहाटी बुला लिया था। जब यह 17 बसें वापस खाली होकर जाने को तैयार हुई तब मारवाड़ी सम्मेलन ने राज्य सरकार व राजस्थान सरकार से बात करके 350 राजस्थानी मूल निवासियों को अपने गांव पहुंचाने का बीड़ा उठाया।



### 5. फ्रूट जूस का वितरण (24 मार्च 2020)

कामरूप शाखा ने अगस्त महीने में 'डेस्टिनेशन होम' सहित गुवाहाटी महानगर के विभिन्न जगहों में रियल कंपनी के फ्रूट जूस का वितरण किया। इसके अलावा शाखा ने फैंसी बाजार, पानबाजार, पलटन बाजार, मालीगांव, कुमारपाड़ा, शांतिपुर, धीरेनपाड़ा सहित अन्य कई जगहों पर 150 कार्टन फ्रूट जूस बांटे। इसमें शाखा के अध्यक्ष श्री निरंजन सिकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष श्री विनोद कुमार लोहिया, निवर्तमान अध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया, सचिव श्री दिनेश गुप्ता, संयुक्त सचिव अनुज चौधरी व अन्य सदस्यों ने फ्रूट जस वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की।

## शाखा द्वारा किए गए अन्य कार्यक्रम :



### 1. पणिय बंधन परिचर्चा कार्यक्रम (5 नवंबर 2017)

शाखा के स्थायी प्रकल्प परिणय बंधन के तहत 5 नवंबर 2017 को परिणय बंधन परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री विमल काकड़ा और श्री रतन अग्रवाल द्वारा संपादित ***परिणय*** नामक स्मारिका का विमोचन किया गया। इसके अलावा वैवाहिक डाटा बैंक से संबंधित वेबसाइट का भी उद्घाटन किया गया। इस कायक्रम के संयोजक श्री संपत मिश्र थे।



### 2. शाखा के अतिथ्य में प्रांत की बैठक (22 अप्रैल 2018)

पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन की कार्यकारिणी की बैठक कामरूप शाखा के अतिथ्य में गत 22 अप्रैल 2018 को होटल रितुराज में नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष श्री मधुसूदन सिकरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस मौके पर नवनिर्वाचित प्रांतीय पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई गई।



### 3. पणिय बंधन समिति की कार्यशाला (19 मई 2019)

शाखा की परिणय बंधन से संबंधित वेबसाइट पर इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से परिणय बंधन समिति द्वारा 19 मई 2019 को नलबाड़ी में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। सुनील शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में 30 लोगों ने भाग लिया,














जिन्हें वेबसाइट पर आईडी बनाने व बायोडाटा अपलोड करने के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में सम्मेलन की नलबाड़ी शाखा के पदाधिकारियों, दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारियों व समाज की महिलाओं ने भाग लिया।

### 4. प्रिविलेज कार्ड और दान पात्र का उद्घाटन (21 जून 2019)

21 जून 2019 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शाखा के प्रिविलेज कार्ड, दान पात्र का उद्घाटन किया गया। इसके अलावा योगदान पत्र का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जीएमसी की पूर्व पार्षद श्रीमती सुनिता भिलवाड़िया ने प्रिविलेज कार्ड का, विशिष्ट अतिथि श्री मधुसूदन सिकरिया ने दान पात्र और दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की साध्वी दिवेश जी ने योगदान पत्र का विमोचन किया।

### 5. श्री ओम बिड़ला को अभिनंदन पत्र (3 जुलाई 2019)

लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर श्री ओम बिड़ला को शाखा द्वारा 3 जुलाई 2019 को अभिनंदन पत्र भेजा गया। इस पत्र में श्री ओम बिड़ला को शाखा की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### 6. नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर (15 अगस्त 2019)

शाखा ने अपने स्थापना दिवस के मौके पर 15 अगस्त 2019 को स्वास्थ्य पर जनजागरूकता अभियान के तहत SRL Diagnostic और Chikitsa Diagnostic के साथ संयुक्त रूप से एक नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 83 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

### 7. स्वच्छ भारत अभियान (अगस्त 2019)

वर्ष 2019 को आमार असम स्वच्छ असम के तहत पुलिस प्रशासन द्वारा फैंसी बाजार व इसके आस-पास इलाकों में चलाए गए अभियान के दौरान शाखा अध्यक्ष श्री निरंजन सिकरिया ने स्वच्छ भारत प्रहरी (मिशन कचरा मुक्त गुवाहाटी) नामक प्रपत्र का वितरण किया। स्वच्छ भारत जागरूकता अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह प्रपत्र वितरित की गई।

### 8. भाग्यशाली दानपत्र का आयोजन (19 अक्टूबर 2019)

19 अक्टूबर 2019 को दीपावली समारोह के अंतर्गग भाग्यशाली दानपत्र का आयोजन किया गया। इस लकी ड्रॉ कार्यक्रम में आठ भाग्यशाली विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक श्री प्रभात शर्मा और श्री बिनोद शर्मा थे तथा पूरा कार्यक्रम एल गोपाल एंड सन्स द्वारा प्रायोजित था।

### 9. जीती ऑनलाइल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (5 सितंबर 2020)

मारवाड़ी युवा मंच (मायुमं) की कामाख्या शाखा द्वारा गत 5 सितंबर 2020 को आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मारावाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा ने बाजी मारी। इस प्रतियोगिता में शाखा का प्रतिनिधित्व शाखा सदस्य श्री विकास बजाज व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुमन बजाज ने किया, जिन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया।

# सतरंगी रंगोत्सव में दिखी होली की धूम

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा ने 20 मार्च 2021 को होली के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम ‘सतरंगी रंगोत्सव’ का धूमधाम से आयोजन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के उपाध्यक्ष (मुख्यालय) श्री अरुण कुमार अग्रवाल जी, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य श्री के. आर. चौधरी जी व सांगानेरिया धर्मशाला के ट्रस्टी श्री श्रवण सांगानेरिया जी उपस्थित थे। सभी उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कामरूप शाखा के अध्यक्ष श्री निरंजन सिकरिया ने अपने स्वागत भाषण में सभी उपस्थित समाजबंधुओं का स्वागत किया। उन्होंने सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि श्री अरुण कुमार अग्रवाल जी ने अपने संबोधन में शाखा की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रांत की अन्य शाखाओं की नजर कामरूप शाखा के प्रकल्पों पर रहती है। उन्होंने कहा कि कामरूप शाखा के कई कदमों को पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन ने भी आगे बढ़ाने का फैसला लिया है।

विशिष्ट अतिथि श्री के. आर. चौधरी जी ने कहा कि कामरूप शाखा ने अपने स्थापना काल से जो कार्य किए हैं, वह अन्य शाखाओं के लिए प्रेरणादायक है। कामरूप शाखा जो भी कार्यक्रम संपादित करती है उसमें हरदम अपनापन दिखाई देता है। सांगानेरिया धर्मशाला के ट्रस्टी श्री श्रवण सांगानेरिया जी ने कार्यक्रम में उपस्थित रहने की खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मारवाड़ी सम्मेलन कामरूप शाखा जो भी कार्यक्रम आयोजित करेगी, हम हर वक्त भवन प्रांगण नि:शुल्क प्रदान करते रहेंगे।





सांगानेरिया धर्मशाला में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी ने गुलाल व चंग की थाप पर जमकर लुफ्त उठाया। राजस्थानी लोकगीत पर सभी लोगों ने नृत्य कर रंगोत्सव की खुशियां मनाई। श्रीमती पल्लवी दास एंड पार्टी व श्री सुभाष पारीक एंड पार्टी ने अपने रंगारंग कार्यक्रम से उपस्थित सभी सदस्यों एवं उनके परिवार वालों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं श्री प्रभात शर्मा ने गणेश वंदना से सभी का मन मोह लिया। शाखा सदस्यों की बेटियां सुश्री उन्नति बजाज, सुश्री दीपशिखा अग्रवाल व सुश्री इशिका अग्रवाल ने भी अपने नृत्य कौशल से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



श्री विनोद शर्मा, श्री प्रभात शर्मा, श्री अनुज चौधरी, श्री राजेश जाजोदिया एवं श्री राजीव अग्रवाला इस सफल कार्यक्रम के संयोजक थे। शाखा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री विनोद कुमार लोहिया, मंत्री श्री दिनेश गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया, कार्यकारिणी सदस्य श्री संजय खेतान, श्री उमा शंकर गट्टानी सहित अन्य सदस्यों ने पूरी व्यवस्था संभाल रखी थी। इस कार्यक्रम के दौरान राजस्थानी लोकप्रिय होली गीतों की एक पुस्तिका ‘खेलो रंग हमारे संग’ (होली धमाल 2021) का विमोचन किया गया। पुस्तिका का विमोचन विशेष अतिथि श्री अरुण कुमार अग्रवाल जी, श्री के. आर. चौधरी जी, श्री पवन कुमार जाजोदिया, श्रीमती वीणा अग्रवाल, श्रीमती सरिता लोहिया, श्रीमती सुनीता गुप्ता, श्रीमती नीलम जाजोदिया, श्रीमती किरण सिकरिया, श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल, श्रीमती संगीता अग्रवाल, श्रीमती सुनीता जाजू ने किया। सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर खुशियां मनाई। इस मौके पर भाग्यशाली ड्रा का आयोजन शाखा सदस्य श्री राजीव अग्रवाल के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम के संचालक श्री राजेश पोद्दार ने अपने अनोखे अंदाज में अंत तक समां बांधे रखा।

# मेरी कलम



पूर्वोतर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन की कामरूप शाखा की स्थापना हुए महज छह वर्ष ही हुए हैं। इन छह वर्षों में तीन अध्यक्षों ने अपने कार्यकाल को सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया है। सन् 2015 में लखीमपुर में आयोजित मारवाड़ी सम्मेलन के अधिवेशन में मुझे तत्कालीन प्रांतीय अध्यक्ष मधुसूदन सिकरिया के निमंत्रण पर विशेष रूप से अधिवेशन मे उपस्थित होने का मौका मिला। अधिवेशन के प्रांतीय सभा सदस्यों की सभा में मुझे गुवाहाटी में एक नई शाखा के गठन का प्रस्ताव प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर मिला, जिसका मैंने सदुपयोग करते हुए नई शाखा गठन का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। इसमें सहयोगी के रूप में 20 से अधिक सदस्यों के हस्ताक्षर थे। सभा में गंभीरता पूर्वक विचार करने के पश्चात नई शाखा के गठन का प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किया गया। उसके पश्चात मेरे सहयोगी प्रदीप जैन, प्रेमचंद खजांची, किशोर काला के सहयोग से संस्थापक अध्यक्ष की तलाश शुरू हुई। अनुभवी व्यक्तियों से मुलाकात कर संस्थापक अध्यक्ष बनने का अनुरोध किया गया, मगर हमें सफलता नहीं मिली। उस समय परिस्थितियां ऐसी थी कि नई शाखा के गठन में लोग रुचि नहीं ले रहे थे। अंत: मैंने ही संस्थापक अध्यक्ष का कार्यभार संभाला और 15 अगस्त जैसे पावन दिवस पर हमारी शाखा के गठन की विधिवत घोषणा की गई। उस समय हमारे पास शाखा को चलाने के लिए न तो कोई संसाधन था न हीं सभाएं करने के लिए कोई स्थान उपलब्ध था और आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं थी। अत: किसी सामाजिक सेवा प्रकल्प को करना भी मुश्किल था। मेरे कार्यकाल के दो वर्ष काफी संघर्षमय और चुनौतीपूर्ण गुजरे। सभा समिति करने के लिए प्रांतीय अध्यक्ष महोदय ने प्रांतीय कार्यालय परिसर हमें उपलब्ध तो करा दिए, मगर अर्थ के अभाव से शाखा की गतिविधियों के संचालन में मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। मगर शाखा के सदस्यों का मनोबल नहीं गिरा, बल्कि उनके मन मे एक जज्बा देखने को मिला। इसी जज्बे के फलस्वरूप आज शाखा ने पूर्वोतर में अपना एक अहम स्थान बना लिया है। द्वितीय सत्र में श्री पवन कुमार जाजोदिया अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने के बाद शाखा के दिन फिरने लगे। सदस्यों के उत्साह में भी वृद्धि हुई। साथ ही सदस्य संख्या भी बढ़ने लगी। सदस्यों के इसी उत्साह के फलस्वरूप चाबीपुल स्थित आठगांव बुनियादी विद्यालय को गोद लेने का सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ, जो आज तक सुचारू रूप से चल रहा है। दरअसल पवन जाजोदिया के कार्यकाल से ही शाखा ने अपनी बढ़त बनानी शुरू कर दी थी, जिसे तीसरे सत्र के अध्यक्ष निरंजन सिकरिया ने बुलंदियों तक पहुंचा दिया। शाखा का स्थाई प्रकल्प एंबुलेंस सेवा इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। इसके अलावा शाखा के होली-दिवाली प्रीति सम्मेलन, दान पत्र परियोजना ने भी अपनी अमिट छाप छोड़ दी। इन कार्यक्रमों से सदस्य काफी प्रभावित हुए और कामरूप शाखा से जुड़ने की जो भावना थी उसे मजबूती प्रदान हुई। कामरूप शाखा में सेवा कार्य करने की काफी संभावनाएं हैं। जरूरत है मेहनत, लगन और जज्बे की। सदस्यों का आपसी सौहार्दपूर्ण संबंध कार्य की सफलता की गारंटी देता है। भविष्य में मैं यही आशा रखता हूं कि यह शाखा दिनोंदिन उन्नति के पथ पर आगे बढ़ते रहे और समाज सेवा के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करें।

**श्री संपत मिश्र**
संस्थापक अध्यक्ष
कामरूप शाखा

# गणतंत्र दिवस



शाखा ने चाबीपुल प्राथमिक विद्यालय, गुवाहाटी के परिसर में विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शाखा सदस्यों के साथ बड़ी धूमधाम से 72वां गणतंत्र दिवस मनाया। कार्यक्रम के प्रारंभ में निवर्तमान अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक श्री पवन कुमार जाजोदिया ने उपस्थित सभी शाखा पदाधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के साथ शाखा के सभी सदस्यों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सर्वप्रथम कार्यकारी अध्यक्ष श्री विनोद कुमार लोहिया और विद्यालय के प्रधान अध्यापक श्री हरिधन कटकी ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रीय गान गाया। तत्पश्चात कार्यकारी अध्यक्ष श्री विनोद कुमार लोहिया ने स्वागत भाषण दिया और प्रधानाध्यापक श्री हरिधन कटकी, अध्यापिका श्रीमती संगीता, शाखा सदस्य श्री नवरतन नागोरी, श्री जीवन चंद कांकरिया, श्री विजय पोद्दार ने भी संबोधित किया। श्री बिनोद शर्मा ने देशभक्ति गीतों से समा बांधा। अंत में सचिव दिनेश गुप्ता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष श्री दीपक जैन, शाखा सदस्य श्री संजय खेतान, श्री अजित शर्मा, श्री अनूप जाजोदिया, श्री हरिकिशन जाजू, श्री संतोष जैन, श्री राजीव अग्रवाल, श्री प्रदीप गिनोड़िया, श्री विनोद जालान, श्री संदीप खट्टर और श्री रमेश शर्मा की गरिमामयी उपस्तिथि रही। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों को फल व अन्य भेंट प्रदान किए गए। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में शाखा ने गुवाहाटी चिकित्सा महाविद्यालय (जीएमसीएच) परिसर में सफाई कर्मचारियों के बीच टी-शर्ट का वितरण किया।

# श्री विनोद कुमार लोहिया निर्विरोध चुने गए शाखाध्यक्ष






शाखा की सातवीं साधारण सभा में 20 मार्च 2021 को चुनाव अधिकारी श्री संपत मिश्र की अनुपस्थिति में सह चुनाव अधिकारी श्री विजय भीमसरिया और श्री ओ. पी. गट्टानी ने श्री विनोद कुमार लोहिया के निर्विरोध नए शाखाध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की, जिसका उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। शाखाध्यक्ष श्री निरंजन सिकरिया ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री विनोद कुमार लोहिया का फुलाम गमछा से स्वागत किया। तदुपरांत 10 अप्रैल 2021 को केदार रोड स्थित होटल रितुराज में आयोजित तृतीय कार्यकारिणी की आठवीं सभा में चुनाव अधिकारी श्री संपत मिश्र ने कार्यकारिणी को अपनी चुनाव संबंधि रिपोर्ट जमा कराई। सभा के दौरान चुनाव अधिकारी श्री संपत मिश्र ने चुनाव की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि शाखा के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए दो सदस्यों श्री विनोद कुमार लोहिया और श्री दिनेश गुप्ता ने नामांकन पत्र लिये थे। श्री लोहिया ने निर्धारित समय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, जबकि श्री दिनेश गुप्ता ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। चुनाव के लिए केवल एक ही नामांकन पत्र मिलने के कारण श्री विनोद कुमार लोहिया को निर्विरोध विजेता घोषित किया गया और शाखा की चौथी कार्यकारिणी के लिए उनका नए अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। सभा के दौरान उनके शपथ विधि समारोह के आयोजन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। श्री सुजीत बखरेड़िया, श्री अजीत शर्मा एवं श्री राजेश पोद्दार को इस कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया है।

## शाखा की सातवीं कार्यकारी सभा

कामरूप शाखा की तृतीय कार्यकारिणी की सातवीं कार्यकारिणी सभा विगत 6 फरवरी 2021 को कुमारपाड़ा स्थित होटल 'तीज केशर' में आयोजित हुई। अध्यक्ष श्री निरंजन सिकरिया की अध्यक्षता में आयोजित इस सभा में पिछली सभा का प्रतिवेदन तथा विभिन्न कार्यक्रमों व परियोजनाओं के संयोजकों द्वारा अपनी-अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ-साथ शाखा के सोसाइटी रजिस्ट्रेशन के नविनीकरण व होली मिलन समारोह सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। सहसचिव श्री अनुज चौधरी ने पिछली सभा का प्रतिवेदन, कार्यकारी अध्यक्ष श्री विनोद कुमार लोहिया ने सम्मेलन की प्रांतीय इकाई के चुनाव की रिपोर्ट, श्री पवन कुमार जाजोदिया ने शाखा की बहुप्रतिक्षित परियोजना 'आरोग्य रथ सेवा' की रिपोर्ट व आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। इस मौके पर अध्यक्ष श्री निरंजन सिकरिया ने इस कार्य की प्रशंसा करते हुए 'आरोग्य रथ सेवा' के संयोजक द्वय श्री पवन कुमार जाजोदिया एवं श्री विनोद कुमार लोहिया को सम्मानित करने की घोषणा की। सभा में श्री पवन कुमार जाजोदिया को श्री बिजय अग्रवाल ने तथा श्री विनोद कुमार लोहिया को श्री सम्पत मिश्र ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इसके बाद सम्मेलन स्थापना दिवस के कार्यक्रम संयोजक श्री संजय खेतान एवं श्री उमाशंकर गट्टानी ने कार्यक्रम की रिपोर्ट एवं आय-व्यय का हिसाब प्रस्तुत किया, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मती से पारित किया। संयोजक श्री संजय खेतान को श्री प्रभुदयाल जैन ने एवं श्री उमाशंकर गट्टानी को श्री प्रभात शर्मा ने अध्यक्षीय प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं बिहू उत्सव, मकर संक्रांति एवं सदस्य पारिवारिक मिलन समारोह के संयोजक श्री दिनेश गुप्ता ने कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट तथा आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, वहीं गणतंत्र दिवस समारोह के संयोजक श्री पवन कुमार जाजोदिया ने कार्यक्रम की रिपोर्ट एवं आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

सभा में शाखा का पंजीकरण U/S 12A of Income Tax में कराने का निर्णय लिया गया। इसका दायित्व सीए. श्री धनराज कंकाणी को सौंपा गया। सभा में वार्षिक आम सभा पर चर्चा हुई तथा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आम सभा 20 मार्च 2021 को स्थानीय सांगानेरिया धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। उसी दिन शाम को होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। होली मिलन समारोह के लिए श्री बिनोद शर्मा को संयोजक तथा श्री प्रभात शर्मा, श्री राजीव अग्रवाल, श्री राजेश जाजोदिया को सह संयोजक बनाया गया।

अंत में शाखाध्यक्ष ने सभी सदस्यों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।




# बिहु उत्सव एवं सदस्य पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा ने 14 जनवरी 2021 को भोगाली बिहु एवं मकर सक्रांति उत्सव के साथ-साथ सांगानेरिया धर्मशाला प्रांगण में शाखा सदस्य पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद पूर्वोतर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन (पूप्रमास) के सलाहकार श्री कैलाश काबरा एवं पूर्व नगर निगम पार्षद सुनीता भीलवाड़िया ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ शाखाध्यक्ष श्री निरंजन सिकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष श्री विनोद कुमार लोहिया, संस्थापक अध्यक्ष श्री संपत मिश्र, निर्वमान अध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया, श्री राकेश जैन, शाखा सचिव श्री दिनेश गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक श्री राजेश पोद्दार उपस्थित थे। शाखाध्यक्ष ने स्वागत भाषण देते हुए शाखा की प्रांतीय कार्यकारिणी से पूर्वोत्तर में हमारे समाज के बेरोजगारों को रोजगार के विषय में सही जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'एंप्लॉयमेंट डाटा' कार्यक्रम को लागू करने का अनुरोध किया। साथ ही कामरूप शाखा द्वारा चलाए गए 'प्रिविलेज कार्ड' जो अब तक गुवाहाटी में ही लागू है, उसे पूरे प्रांत में लागू करने पर विचार करने की भी बात कही ताकि पूरे प्रांत के सम्मेलन सदस्यों को 'प्रिविलेज कार्ड' का लाभ मिल सके। श्री सिकरीया ने आगे कहा कि अगर पूर्वोत्तर प्रांतीय कार्यकारिणी युवतियों के लिए छात्रावास के कार्यक्रम को हाथ में लेती है तो कामरूप शाखा सहयोग देने के लिए तैयार है।

कार्यक्रम में कोविड-19 महामारी के दौरान जिन शाखा सदस्यों अथवा उनके परिवार के सदस्यों ने प्लाज्मा दान किया था, उनका सम्मान भी प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। शाखा सदस्य अशोक अग्रवाल को प्रांतीय कोषाध्यक्ष, श्री राकेश जैन को संयुक्त मंत्री और श्री संपत मिश्र को प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत करने पर उनका भी अभिनंदन किया गया। समारोह के दौरान शाखा की 'आरोग्य रथ सेवा' नामक एंबुलेंस सेवा का लोकार्पण श्री कैलाश काबरा ने किया। शाखा के मुखपत्र 'कामरूप दर्पण' का विमोचन श्रीमती सुनीता भीलवाड़िया के कर-कमलों से किया गया। इस अवसर पर शाखा सदस्यों की धर्मपत्नियां भी मंच पर उपस्थित थीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, जिसमें श्री प्रमोद अग्रवाल के परिवार के बच्चों की टीम ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। शाखा सदस्य श्री गंगारतन सिंघानिया एवं श्री संतोष जैन के परिवार के बच्चों ने भी अपनी नृत्य कला प्रतिभा का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। सदस्य राजीव अग्रवाल के पुत्र पीयुष अग्रवाल ने अपनी बनाई खिलौना इलेक्ट्रॉनिक कार का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शाखा द्वारा आयोजित भाग्यशाली दान पत्र का ड्रा भी निकाला गया। समारोह को सफल बनाने में कोशाध्यक्ष श्री दीपक जैन, शाखा सदस्य श्री संजय खेतान, श्री उमाशंकर गट्टानी, श्री संतोष जैन, श्री प्रभात शर्मा, श्री विनोद शर्मा, श्री अजीत शर्मा, श्री पवन कुमार जाजोदिया, श्री नीरज जैन, श्री अनुज चौधरी व अन्य सदस्यों ने अपना सराहनीय योगदान दिया।





# श्री विनोद कुमार लोहिया एवं श्री पवन पंसारी प्रांत में संयोजक नियुक्त

शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष श्री विनोद कुमार लोहिया को मोरान के श्री विमल अग्रवाल के साथ संयुक्त रूप से पारवारिक व वैवाहिक समस्या समाधान समिति का संयोजक एवं शाखा सदस्य श्री पवन पसारी को सांस्कृतिक समिति के संयोजक के रूप में पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन (पूप्रमास) की कार्यकारिणी में शामिल किया गया। उक्त निर्णय डिब्रुगढ़ में पूप्रमास की पहली कार्यकारिणी बैठक में लिया गया तथा अन्य संयोजकों के साथ इनको भी शपथ दिलाई गई।




## बी.एल.जे. ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट

## युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का सराहनीय प्रयास






मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा के सदस्य श्री प्रदीप कुमार जाजोदिया और उनके अग्रज व शाखा के पूर्व अध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया ने अपने पिता स्व. भजन लाल जाजोदिया की स्मृति में बी.एल.जे. ट्रॉफी अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस टूर्नामेंट का दूसरा संस्करण 3 फरवरी से 23 फरवरी 2021 तक आयोजित किया गया। टूर्नामेंट के आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी टूर्नामेंट का सफल आयोजन हुआ। गुवाहाटी के लताशील खेल मैदान पर टूर्नामेंट के सभी मैच खेले गए। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी 16 टीमों के खिलाड़ियों ने उत्साह व खेल भावना के साथ मैच खेले। टूर्नामेंट के समापन समारोह में पूर्वोत्तर प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश खंडेलवाल, शाखा के संस्थापक अध्यक्ष श्री संपत मिश्र और पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष व वर्तमान शाखाध्यक्ष श्री विनोद कुमार लोहिया, अग्रवाल युवा परिषद के पूर्व अध्यक्ष रितेश अग्रवाल और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों में शिरकत की और युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। इस मौके पर टूर्नामेंट के आयोजक श्री प्रदीप कुमार जाजोदिया ने बताया कि उन्होंने महसूस किया कि असम में कई युवा खिलाड़ी क्रिकेट की कोचिंग तो लेते हैं, लेकिन अभ्यास के लिए उन्हें ज्यादा मैच खेलने को नहीं मिलते। यह मेरे बेटे के साथ भी हो रहा है। इसलिए युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए मैंने अपने पिता स्व. भजन लाल जाजोदिया की स्मृति में इस टूर्नामेंट की शुरुआत की। इससे मुझे काफी खुशी व संतोष मिला। शाखा के निवर्तमान अध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया ने लगातार दूसरी बार टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने इसका श्रेय समाजबंधुओं व स्थानीय लोगों को दिया। उन्होंने विशेष रूप से राजू कलिता को हार्दिक धन्यवाद दिया, जिन्होंने टूर्नामेंट के आयोजन में महत्पूर्ण भूमिका निभाई। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूप्रमास के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश खंडेलवाल ने टूर्नामेंट के आयोजन के लिए जाजोदिया भाइयों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जाजोदिया भाइयों ने अपने पिता को भावभीनी श्रद्धांजलि देने का यह जो तरीका अपनाया है, वह बहुत ही पुण्य व श्रेष्ठ कार्य है। वहीं श्री संपत्त मिश्र, श्री विनोद कुमार लोहिया व श्री रितेश अग्रवाल ने भी इस टूर्नामेंट के आयोजन के लिए प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि वे इसे आगे भी जारी रखकर युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेंगे।

# 'आरोग्य रथ सेवा' का लोकार्पण







मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा ने एम्बुलेंस सेवा शुभारंभ वृहस्पतिवार, दिनांक 14 जनवरी 2021 को अपने पारिवारिक मिलन समारोह एवं बिहु के कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी श्री कैलाश जी काबरा ने लोकार्पण किया। शाखा के इस एम्बुलेंस सेवा को **''आरोग्य रथ सेवा''** नाम से परिचालन करने जा रही है। सभी सदस्यों को ज्ञात होगा कि द्वितीय कार्यकारिणी के अंत में शाखा को दान स्वरूप एक मारुति वैन प्राप्त हुई थी। उस गाड़ी को मारुति कंपनी को वापस देकर बदले में "Maruti EECO Van AC" गाड़ी ली गई और वैन को एम्बुलेंस में रूपान्तरित किया गया। एम्बुलेंस के संचालन की जिम्मेदारी श्री मनोज अग्रवाल (N. G. Medicos) को दी गई है। इस कार्य को मूर्त रूप देने के लिए हमारी शाखा के पदाधिकारियों का भरपूर सहयोग रहा। इस प्रकल्प के परिचालन के लिए एक एस.ओ.पी (S.O.P.) बनाई गई है। इस एस.ओ.पी. के तहत ही **''आरोग्य रथ सेवा''** का परिचालन किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक श्री पवन कुमार जाजोदिया हैं।

## श्री अनुज चौधरी को शाखा ने दी बधाई



मारवाड़ी सम्मेलन की कामरूप शाखा के संयुक्त सचिव श्री अनुज चौधरी अग्रवाल युवा परिषद के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। उनके अध्यक्ष चुने जाने पर कामरूप शाखा ने उनको बधाई दी और आशा व्यक्त की है कि उनके कुशल नेतृत्व में अग्रवाल युवा परिषद नई उचाइयां छुएगा।

### उपलब्धि

## कैलाश कुमार बगड़िया



डिब्रुगढ़ के निवासी कैलाश कुमार बगड़िया को डिब्रुगढ़ जिले के नेशनल ह्यूमन राइट एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो का सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से मारवाड़ी समाज गौरान्वित है। उनके शुभचिंतकों ने उन्हें सोशल मीडिया व्हाट्स अप के जरिये शुभकामनाएं दी। मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा भी उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देती है।

## निशा ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज काराय नाम



तिनसुकिया की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वरिष्ठ साहित्यकार निशा नंदिनी भरतीया ने सबसे अधिक सामाजिक कविताओं का रिकार्ड बनाकर अपना नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड दर्ज कराया है। उनकी अब तक 50 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिसमें 18 काव्य संग्रह हैं। उन्होंने 860 सामाजिक कविताएं लिखी हैं। उनकी सभी रचनाएं प्रेरणा परक व सकारात्मकता प्रदान करने वाली हैं। असम राज्य के लिए यह बहुत गर्व की बात है। मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा भी इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई देती है।

## पीयूष ने किया कमाल, बनाया रोबोट कार



शाखा सदस्य श्री राजीव अगरवाल के पुत्र व मेधावी छात्र पीयूष अगरवाल ने अपनी प्रतिभा की झलक दिखाते हुए एक रोबोट कार बनाया। इस रोबोट कार को शाखा द्वारा भोगाली बिहू के मौके पर आयोजित पारिवारिक मिलन समारोह में प्रदर्शित किया गया। उसकी इस प्रतिभा की शाखा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

ICI

Since 1976

# INDIAN CANVAS INDUSTRIES

**e-mail : indiancanvas@gmail.com**

**Manufacturer of all types of Tents, Canvas/HDPE Tarpaulins, Automobile Hoods, Canopies, Mosquito Net FR, Coat Combat, Kit Bag, Kit Box (Steel), Synthetic/Cotton Web Items, Uniform Items and allied Textile Products.**

GMR

# GMR INFRACON

**e-mail : gmrinfracon@gmail.com**

**Manufacturer of Concrete Paver Blocks, Fly Ash Bricks**
**Designer Coloured Parking Tiles & Pavers.**

*With Best Compliments From*

## Mukesh Kr. Jindal

923, Fatasil Main Road
Near R.G. Barua College
Guwahati-781009 (Assam)

**Ph. : 0361-2472921**
**91 94350 44872**